संपादकीय

जूते से मिर्ची तक के पड़ाव

शुरुआत तो देखिए जनाब जूता फेंके जाने से ही हुई थी और वह भी किसी छोटी-मोटी हस्ती पर नहीं, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति पर। और राष्ट्रपति भी कोई ओबामा तो था नहीं, बुश था। जिसकी सुबह भी बमों से होती थी और शाम भी। अब झाड़ी पर जूता तो साहब कोई भी रगड़ दे, पर बुश पर जूता फेंकना डेयरिंग था। एक सनसनी थी जो पूरी दुनिया में फैल गयी थी।

अब वही जूता ट्रंप साहब के हाथ में है। जो काम बुश बम चलाकर करता था, वह काम ट्रंप साहब जुबान चलाकर ही निपटा देते हैं। सो अब यह जूता उनके हाथ में है और सामने दुनिया है नतमस्तक! खैर, जिस यात्रा की शुरुआत जूता फेंकने से हुई थी, वह अब मिर्ची फेंकने तक पहुंच गयी है। यह यात्रा कोई बहुत लंबी नहीं रही। सदियों लंबी तो बिल्कुल भी नहीं रही, यहां तक कि दशकों लंबी भी नहीं रही। देखा जाए तो मुश्किल से बस पांच-सात साल लंबी ही रही है यह यात्रा। इस मामले में, इस यात्रा पर यह कहावत एकदम फिट बैठती है कि जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं।

छोटी होने के बावजूद इस यात्रा में कई पड़ाव आए। इनमें एक पड़ाव स्याही फेंकने का भी था। पर जरूरी नहीं है कि आज जिन पर मिर्ची फेंकी जा रही है, उन पर कभी स्याही फेंकी ही नहीं गयी हो। या जिन पर स्याही फेंकी गयी, उन पर जूते नहीं फेंके गए। यह कोई तमगा तो है नहीं कि एक बार मिल गया तो फिर दुबारा कहां? फिर नोबेल प्राइज भी दो बार मिलना रेयर ही है। इन दिनों तो नोबेल में भी कई-कई लोगों को बस एक ही प्राइज से निपटाया जा रहा है।

प्रतिभा की कमी नहीं रही है न साहब। भीड़ बढ़ गयी है। और जैसे प्रतिभा की कमी नहीं वैसे ही वीरों की भी कमी नहीं। कम से कम हमारे भारत देश, जो आर्यावर्त होने को मचला जा रहा है, में तो बिल्कुल भी नहीं है। वीरों में ऐसी हबड़-दबड़ मची है कि किसी को अपनी वीरता गौतस्करों का हल्ला मचाकर दिखानी पड़ती है और किसी को तिरंगा फहराने के लिए मारपीट करके दिखानी पड़ रही है। यही वजह है कि ऐसे वीरों की भी तादाद काफी है, जिन पर अगर जूते चले हैं तो स्याही भी फेंकी गयी है। इनके लिए दो-दो बार पुरस्कृत होना कोई बड़ी बात भी नहीं।

व्यक्ति में प्रतिभा होनी चाहिए। पर अब यह समझने की भूल नहीं की जानी चाहिए कि मिर्ची फेंकने पर मंजिल मिल गयी है। मिर्ची फेंकना भी एक पड़ाव ही है। यात्रा जारी रहेगी। पर भविष्य का जो सीन सामने आ रहा है, वह है बड़ा ही डरावना। इसलिए उसकी कल्पना अभी मत कीजिए।

दिसंबर व्रत-त्योहार : यहां देखें इस महीने किस तारीख को होंगे कौन से व्रत और त्योहार

साल 2018 का अंतिम महीना दिसंबर शुरू हो गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस महीने को मार्गशीर्ष और अगहन का महीना भी कहते हैं। इस महीने कई तिथियों पर व्रत रखे जाएंगे और क्रिसमस जैसे बड़ा त्योहार भी इसी महीने है। आइए जानते हैं दिसंबर महीने में किस तारीख को कौन सा व्रत और त्योहार रहेगा।

3 दिसंबर - उत्पन्ना एकादशी

6 दिसंबर - अमावस्या

11 दिसंबर - अंगारक विनायकी चतुर्थी

12 दिसंबर - विवाह पंचमी

18 दिसंबर - मोक्षदा एकादशी

22 दिसंबर - भगवान दत्तात्रेय जयंती

25 दिसंबर - क्रिसमस, अंगारक गणेश चतुर्थी व्रत और चंद्र दर्शन

रेलवे ने वेटिंग लिस्ट वालों के लिए लाये बड़ी खुशखबरी, अब तुरंत मिलेगी सीट

नई दिल्ली। वेटिंग लिस्ट वालों के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ी खुशखबरी दी है. नए साल में वेटिंग टिकट वालों को जल्दी टिकट मिल सकेगा. जनवरी 2019 से चलती ट्रेन में ही कैंसिल टिकटों की जानकारी टीटीई को मिल जाएगी, जिसके बाद वो सीट वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को मिल जाएगी.इसके लिए ट्रेनों में टीटीई को हैंड हेल्ड टर्मिनल दिए जाएंगे. जो खाली सीट होगी, वो फौरन ही वेटिंग टिकट वालों को मिल जाएगी. इससे वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को सीट के लिए दो स्टेशनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा. टीटीई की मजबूरी होगी कि वह पहले वेटिंग टिकट कन्फर्म करे. इसके बाद भी सीट खाली रह जाती है तभी वह किसी दूसरे यात्री को सेटिंग करके सीट दे सकेगा.

पहले फेज में दिए जाएंगे 500 टर्मिनल

इस प्रोजेक्ट को दो चरणों में शुरू किया जाएगा क्योंकि एक साथ बड़ी संख्या में हैंड हेल्ड टर्मिनल उपलब्ध कराना मुश्किल है. पहले चरण में करीब 500 टीटीई को टर्मिनल दिए जाएंगे. वहीं दूसरे चरण में 8 हजार हैंड हेल्ड टर्मिनल बांटे जाएंगे. दोनों चरण पूरे होने के बाद शताब्दी, राजधानी और दुरंतो के साथ-साथ सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी टीटीई को टर्मिनल मिल जाएंगे.

20 मिनट में हो सकेगी टिकटों की जांच

टर्मिनल से टिकटों की जांच में अब ज्यादा समय नहीं लगेगा. हैंड हेल्ड टर्मिनल से टिकटों की जांच 50 मिनट के बजाए 20 मिनट में हो सकेगी. लोगों को टीटीआई आने का देर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा. रेल मंत्रालय यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने और सिस्टम को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहा है. हैंड हेल्ड टर्मिनल की प्लानिंग भी इसी का हिस्सा है.

रिफंड में होगी आसानी

टर्मिनल अपडेट होने से कैंसिल टिकट के रिफंड की प्रक्रिया जल्दी शुरू हो जाएगी. अभी कैंसिल के बाद रिफंड के लिए टीटीई की रिपोर्ट लगती है कि संबंधित व्यक्ति ने यात्रा नहीं की. इससे टिकट कैंसिल के बाद रिफंड जल्द आ सकेगा. मशीन आवंटन के दोनों चरण पूरे होने के बाद शताब्दी, राजधानी और दूरंतो के साथ-साथ सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी टीटीई को टर्मिनल मिल जाएंगे.

अच्छी खबर : वाहन खरीदने के साथ लेनी होगी यातायात नियमों की किताब



नई दिल्ली। अगर आप नया वाहन खरीदने का विचार बना रहे हैं तो डीलर आप के बिल में 100 रुपए जोड़कर एक ट्रैफिक नियमों की किताब देगा, जिसे आप लेना ना भूलें. क्योंकि यह पैसा आप के बिल में जोड़ कर काट लिया जाएगा. हाल ही में परिवहन विभाग द्वारा एक नया आदेश जारी किया है. विभाग का यह नया आदेश वाहन खरीदारों के लिए आफत बन गया है. इस किताब को परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने जाने के दौरान भी परीक्षा देने के लिए खरीदना होता है. अब दो बार इस पुस्तक को खरीदना होगा. हालांकि विभाग का यह भी तर्क हैं कि इस पुस्तक की खरीद के बाद परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के दौरान नहीं लेनी होगी. वहीं दूसरी ओर विभाग का एक तर्क यह भी हैं कि इस पुस्तक खरीदने के बदले में परिवहन विभाग इस राशि से वाहन खरीदारों के ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी उनके घर के पते पर डाक से निशुल्क भेजे जाएंगे. परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश से आने वाली इस राशि का भुगतान पुस्तिका का प्रकाशन करने वाली संस्था ट्रक ऑपरेटर्स हाईवेएमेनिटीज सोसायटी यानी टोहास को जाएगा.

आरबीआई की तीन दिवसीय अहम बैठक कल से शुरू, बाजार पर पड़ेगा भारी असर

नई दिल्ली। देश के शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता काफी बेहतर था लेकिन कल से शुरू होने वाला दिसम्बर का पहला कारोबारी हफ्ता बाजार के लिए कैसा होगा इसका निर्णय कल होगा. दरअसल कल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक अहम बैठक है जिसमे भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति समिति समेत कई अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेगी. बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि आने वाले दिनों में बाजार का रुख कैसा होगा यह आरबीआई की इस बैठक से ही निर्धारित होगा, इसके साथ ही यह बैठक कई तरीकों से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से देश के बाजार पर असर डालेगी.कई जानकारों का कहना है कि इस बैठक में वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़े भी तय किये जाएंगे.

आईओसी ने मानवाधिकार सलाहकार समिति गठित की

तोक्यो (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के पूर्व आयुक्त जैद राद अल हुसैन की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति गठित की है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने शनिवार को जापान की राजधानी में कहा कि ओलंपिक मेजबान शहर के अनुबंध में 'मानवाधिकार मानकों' को शामिल किया जाएगा जिसकी शुरुआत 2024 में पेरिस में होने वाले ओलंपिक से होगी। बाख से पूछा गया कि समिति क्या चीन में मानवाधिकारों को देखेगी दरअसल पश्चिम चीन में लाखों मुसलमानों को दफन करने के लिए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की आलोचना हो रही है।

हॉकी विश्व कप: पाक की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली। बहुत ज्यादा मुश्किलों के बाद में भाग लेने पहुंच सकी को पहले ही मैच में तगड़ा झटका लग गया। शनिवार को कलिंगा स्टेडियम में खेले गए विश्व कप के पूल-डी के पहले मैच में पाक को जर्मनी के हाथों रोमांचक मैच में 0-1 से पराजय का सामना करना पड़ा। अब पाक के सीधे' क्वार्टरफाइनल में पहुंचना कठिन हो गया है। इसके लिए अब उसे ग्रुप के बाकी मैचों पर भी निर्भर रहना होगा। दोनों टीमों ने अच्छा खेल खेला व मौके भी बनाए लेकिन एक अहम मौके पर मार्को ने शानदार फील्ड गोल कर जर्मनी को आगे कर दिया। इस गोल के बाद न पाक बराबरी कर सकी व न ही जर्मनी दूसरा गोल दाग सकी। यह इन दोनों टीमों का 2013 के बाद से विश्व कप में तीसरा मैच था जिसमें जर्मनी 2-1 से आगे है।

जर्मनी ने मैच की आरंभ में पाक पर हावी होना प्रारम्भ कर दिया।

भारतीय टीम ही जीतेगी आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप -आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने शनिवार को यहां बोला कि दो बार की चैम्पियन टीम इंडिया अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले का खिताब जीतने की प्रबल दावेदार होगी। दिल्ली के इस पूर्व खिलाड़ी को लगता है कि अंबाती रायुडू ने चौथे क्रम पर टीम में अपनी स्थान पक्की करने के लिए वह सब कुछ किया है जो कर सकते थे। चोपड़ा ने यहां एक मॉल में आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर के तहत आयोजित प्रोग्राम में कहा, हां, अभी वर्ल्ड कप में थोड़ा समय है लेकिन इस समय मुझे लगता है कि इंडियन टीम इस खिताब को उठाएगी। उनके पास वह सबकुछ है जो ट्राफी जीतने के लिए चाहिए।

दावेदार होने की ये हैं कारण

हिंदुस्तान के लिए 10 टेस्ट मैच खेलने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, इस टीम में बहुत ज्यादा कुछ है जो इसे दावेदार बनाता है । टीम की गेंदबाजी शानदार है व कुछ बेहतरीन बल्लेबाज है। तो कई चीजें हिंदुस्तान के पक्ष में है व उम्मीद है कि इंग्लैंड की सरजमीं टीम के लिए अच्छी साबित होगी जैसा पिछली दो चौम्पियन ट्राफी में हुआ। एक बार हम विजेता हुए व एक बार उपविजेता। उम्मीद है कि 2019 में ही हम ट्राफी उठाएंगे।

रायडू ने किया खुद को साबित

इंडियन टीम अपने अभियान की शुरूआत पांच जून को दक्षिण अफ्रीका के विरूद्ध साउथम्पटन में करेगी। तैंतीस वर्ष के रायुडू के द्वारा चौथा जगह पर अपना दावा लगभग पक्का करने पर चोपड़ा ने कहा, हमने इस जगह पर लगभग 12 बल्लेबाजों को आजमाया लेकिन लगता है कि रायुडू ने इस स्थान को पक्का कर लिया है। मेरे विचार से वह इंग्लैंड में चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे।

गेंदबाजों के आराम करने पर यह बोले आकाश

चोपड़ा ने बोला कि कप्तान विराट कोहली की आईपीएल के दौरान गेंदबाजों को विश्राम देने की मांग पर बीसीसीआई को विचार करना चाहिए।

बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इतिहास रचा

नई दिल्ली। बैंगलोर में खेले जा रहे योनेक्स सनराइज सब जूनियर (अन्डर-15 एवं अन्डर-17) नेशनल बैडमिन्टन प्रतियोगिता 2018 में राजस्थान की साक्षी फोगाट बालिका अंडर-15 एवं शुभम पटेल बालक अन्डर-17 के फाइनल राउंड में पहुंच गए। प्रतियोगिता प्रारम्भ होने पर साक्षी फोगाट की 5 वरीयता थी एवं साक्षी का टूर्नामेन्ट में प्रथम राउंड से लेकर फाइनल तक का शानदार रहा।

साक्षी ने पहले राउंड में मणिपुर की प्रिया देवी मोरीगथम को 21-9, 21-4 से, तीसरे राउंड़ में महाराष्ट्र की रिया हब्बू को 21-14, 21-14 से, चौथे राउंड में उत्तर प्रदेश की समयारा पंवार को 21-16, 21-13 से, क्वार्टरफाइनल में तेलंगाना की मगाना टेडी को 21-15, 21-12 एवं सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की तारा शाह को 13-21, 21-17, 22-20 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

साक्षी का फाइनल मुकाबला तसलीम मिल (गुजरात) से रविवार को होगा। बालक वर्ग के अंडर-17 एकल में राजस्थान के शुभम पटेल की वरीयता 15 पर थी। शुभम भी फाइनल में पहुंच गया।

आज का राशिफल

मेषः आज काम निकालने के लिए कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। संध्याकाल के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है।

वृषभः आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।

मिथुनः किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

कर्कः चन्द्रमा तृतीय भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है।

सिंहः राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी।

कन्याः रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद में सफलता मिलेगी।

तुलाः आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन स्वास्थ्य के मामले में ठीक नहीं है। स्वास्थ्य संबंधी मामलों में आज आपके खर्चे हो सकते हैं। काम में रुचि कम रहेगी, आलस्य महसूस करेंगे। बेहतर होगा नया काम शुरू ना करें।

धनुः आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

मकरः आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा।

कुंभः कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। निर्मूल विवाद के कारण अकारण कुछ लोग आपके शत्रु हो सकते हैं।

मीनः बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें, संबंध खराब होने की आशंका है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

घर पर बनाएं टेस्टी कढ़ाई चिकन

कढ़ाई चिकन एक ऐसी डिश है दो चिकन लवर को जरूर पसंद आती है। इसे आप आसानी से घर में बना सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे बनाते है कढ़ाई चिकन .

सामग्री

चिकन (12 टुकड़ों में कटा)- 750 ग्राम

तेल- 3 चम्मच

प्याज- 3

साबुत धनिया- 2 चम्मच

साबुत जीरा- 2 चम्मच

साबुत काली मिर्च- 12

सूखी लाल मिर्च- 5

टमाटर- 3

अदरक-लहसुन पेस्ट- 2 चम्मच

हरी मिर्च- 2

नमक- स्वादानुसार

काजू पेस्ट- 2 चम्मच

विधि

एक नॉनस्टिक पैन को गर्म करें और उसमें धनिया, जीरा और काली मिर्च डालकर 1 मिनट तक सूखा भूनें। लाल मिर्च डालें और खुशबू आने तक भूनें। जब मसाला ठंडा हो जाए तो पाउडर तैयार कर लें। टमाटर को काटें और प्यूरी तैयार कर लें। नॉनस्टिक कड़ाही में तेल गर्म करें। प्याज को काटें और हल्का भूनें। जब प्याज सुनहरा हो जाए तो उसमें अदरक-लहसुन पेस्ट और दो चम्मच पानी डालकर कुछ देर भूनें। हरी मिर्च काटकर डालें।

दो मिनट भूनें और उसके बाद सूखे मसाले डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब कड़ाही में चिकन डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। टमाटर प्यूरी डालें और मिलाएं। अंत में नमक, काजू पेस्ट और आधा कप पानी डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। पैन को ढंकें और पकाएं। जब ग्रेवी में एक उबाल आ जाए तो आंच धीमी करें और चिकन के पकने तक पकाएं। गैस ऑफ करें। पांच मिनट तक वैसे ही रहने दें और गर्मागर्म सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-05

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

1		2	■	3	4		5	■
	■		■	■		■	6	
■	7			■	■	■		■
8			■	9				■
10		■	■		■	■	■	11
	■	12			■	■	13	
14	15	■		■	16	17		
■		■	18				■	■
19						■	20	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 04 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

सू-दोकू-05

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.04 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1